भारत सरकार

गृह मंत्रालय

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 1528**

दिनांक 03.05.2016/13 वैशाख, 1938 (शक) को उत्तर के लिए

**मणिपुर के पर्वतीय क्षेत्रों का प्रशासन**

**†1528. श्री जितेन्द्र चौधरीः**

**क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि**

(क) क्या केन्द्र सरकार ने संविधान के अनुच्छेद 371(ग) 2 के अंतर्गत राज्य के पर्वतीय क्षेत्र के प्रशासन के संबंध में मणिपुर की राज्य सरकार को कोई निर्देश दिया है;
(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं;
(ग) क्या सरकार को विगत वर्षों में मणिपुर के पर्वतीय क्षेत्रों के प्रशासन पर कोई रिपोर्ट/सिफारिश प्राप्त हुई है; और
(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा और परिणाम क्या है;

**उत्तर**

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री **(श्री किरेन रिजिजू)**

**(क) से (घ) : पर्वतीय क्षेत्रों के प्रशासन के संबंध में संघ सरकार द्वारा मणिपुर राज्य सरकार को कोई निर्देश नहीं दिया गया है।**

**मणिपुर के राज्यपाल ने राज्य सरकार से पर्वतीय जिलों में चलाए जा रहे क्रियाकलापों पर विस्तृत सूचना प्राप्त करने के पश्चात् , भारत के संविधान के अनुच्छेद-371 (ग)(2) के अंतर्गत वर्ष 2010-11 तक मणिपुर के पर्वतीय क्षेत्रों में प्रशासन के संबंध में भारत के राष्ट्रपति को वार्षिक रिपोर्ट भेजी है।**

****